
# सामाजिक विज्ञान

## कक्षा 7

## ( भूगोल )

### अध्याय 6: मानव-पर्यावरण अन्योन्यक्रिया उष्णकटिबंधीय एवं उपोष्ण प्रदेश




**To get notes visit our website**

**mukutclasses.in**

## अभ्यास के प्रश्न

**प्रश्न 1: निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए-**
**(क) उस महाद्वीप के नाम बताएँ जो अमेज़न बेसिन में स्थित है। हैं?**
**(ख) अमेज़न बेसिन के लोग कौन-सी फसल उपजाते**
**(ग) अमेज़न के वर्षावन में कौन से पक्षी पाए जाते हैं?**
**(घ) गंगा नदी के तट पर कौन से प्रमुख शहर स्थित हैं?**
**(च) एक सींग वाले गैंडे कहाँ पाए जाते हैं?**

उत्तर:
(क) अमेज़न बेसिन दक्षिण अमेरिका महाद्वीप में स्थित है।
(ख) अमेज़न बेसिन के लोग ज्यादातर निम्नलिखित फसल उपजाते हैं:
- खाद्य फसलें : टेपियोका, अनन्नास एवं शकरकंद आदि।
- नकदी फसल कॉफ़ी, मक्का एवं कोको।

(ग) अमेज़न के वर्षावन में निम्नलिखित पक्षी पाए जाते हैं:
- टूकन
- गुंजन पक्षी
- रंगीन पक्षति वाले पक्षी

(घ) गंगा नदी के तट पर स्थित प्रमुख शहर हैं:
- इलाहाबाद
- कानपुर
- वाराणसी
- लखनऊ
- पटना
- कोलकाता

(च) एक सींग वाले गैंडे ब्रह्मपुत्र (असम) के मैदानों में पाए जाते हैं।

MUKUTclasses

**प्रश्न 2: सही (✓) उत्तर चिह्नित कीजिए-**
**(क) टूकन क्या हैं?**
**(i) पक्षी (ii) पशु (iii) फसलें**
**(ख) मैनियोंक कहाँ का प्रमुख भोजन है?**
**(i) गंगा बेसिन (ii) अफ्रीका (iii) अमेज़न**
**(ग) कोलकाता किस नदी के तट पर स्थित है?**
**(i) ऑरंज (ii) हुगली (iii) भागीरथी**
**(घ) देवदार एवं फ़र किसके प्रकार हैं?**
**(i) शंकुधारी वृक्ष (ii) पर्णपाती वृक्ष (iii) क्षुप**
**(च) बंगाल टाईगर कहाँ मिलते हैं?**
**(i) पर्वतों में (ii) डेल्टा क्षेत्रों में (iii) अमेज़न में**

उत्तर:
(क) (i) पक्षी
(ख) (iii) अमेज़न
(ग) (ii) हुगली
(घ) (i) शंकुधारी वृक्ष
(च) (ii) डेल्टा क्षेत्रों में

**प्रश्न 3: निम्नलिखित स्तंभों को मिलाकर सही जोड़े बनाइए-**

| | |
|---|---|
| **(क) सूती कपड़े**<br>**(ख) मलोका**<br>**(ग) पिरान्या**<br>**(घ) रेशम कीट**<br>**(च) काजीरंगा** | **(i) असम**<br>**(ii) वेदिका कृषि**<br>**(iii) रेशम कीटपालन**<br>**(iv) ढालू छत**<br>**(v) गंगा के मैदान**<br>**(vi) वाराणसी**<br>**(vii) मत्स्य** |

उत्तर:

| | |
|---|---|
| (क) सूती कपड़े | (vi) वाराणसी |
| (ख) मलोका | (iv) ढालू छत |
| (ग) पिरान्या | (iii) रेशम कीटपालन |
| (घ) रेशम कीट | (vii) मत्स्य |
| (च) काजीरंगा | (i) असम |

**प्रश्न 4: कारण बताइए-**
**(क) वर्षावन लुप्त हो रहे हैं।**
**(ख) गंगा-ब्रह्मपुत्र के मैदानों में धान की कृषि होती है।**
उत्तर :
(क) वर्षावन निम्नलिखित कारणों से लुप्त हो रहे हैं।

- स्थानीय आबादी को विकासात्मक गतिविधियों के लिए बाहर धकेल दिया गया, जो वर्षावन के विनाश की ओर अग्रसर है।
- सड़कों, उद्योगों और घरों के निर्माण के लिए बड़े पैमाने पर वनोन्मूलन।
- आर्थिक लाभ बढ़ाने के लिए वनों से लकड़ी प्राप्त करना।

(ख) गंगा - ब्रह्मपुत्र के मैदानों में धान की कृषि होती है क्योंकि धान को पर्याप्त पानी की आवश्यकता होती है। इस क्षेत्र में वर्षा अधिक मात्रा में होती है तथा नदियों का घना संजाल है जो धान की फसल के लिए पानी की आवश्यकता को पूरा करने में मदद करता है।

**प्रश्न 5: मानचित्र कौशल**
**(क) भारतीय प्रायद्वीप के रेखा मानचित्र पर गंगा, ब्रह्मपुत्र नदियों को उद्गम से मुहाने तक दर्शाएँ। दोनों नदियों की महत्वपूर्ण सहायक नदियों को भी दर्शाएँ।**
**(ख) दक्षिण अमेरिका के राजनीतिक मानचित्र पर भूमध्य रेखा खींचें। उन देशों को चिह्नित करें जहाँ से भूमध्य रेखा गुजरती है।**

MKUT Classes